प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना के मामले में आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्हें काम पर लौटना चाहिए। इस दौरान अदालत ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाये। इससे पहले केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई और बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को स्टेटस रिपोर्ट सौंपी।

****

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दावा किया है कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के सभी विधायक एकजुट हैं। डॉ अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोल्हान प्रमंडल को सम्मान देते हुए चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया था। वे चाहते तो बसंत सोरेन या कल्पना सोरेन को भी मुख्यमंत्री बना सकते थे। श्री अंसारी ने कहा कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन के बीच सेतू का काम करने को तैयार हैं

****

झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ता–एटीएस ने राज्य में बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने राजधानी रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में 14 स्थानों पर छापेमारी आतंकवादी संगठन अलकायदा से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा में की गयी छापेमारी के दौरान हथियार भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ चल रही है।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ने के बाद लापता हुए विमान का अब तक पता नहीं चल पाया है। विमान को अब आंध्र प्रदेश से आयी नेवी की टीम खोज रही है। चांडिल डैम में तलाशी अभियान जारी है। इस बीच विमान पर सवार ट्रेनी पायलट सुभ्रोदीप दत्ता का शव डैम से बरामद कर लिया गया है। एसडीम शुभ्रा सरकार ने इसकी पुष्टि की है।

****

केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत गुमला जिले में मत्स्य कृषकों को विभिन्न प्रकार के लाभ दिये जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में वैज्ञानिकों को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया। यह पुरस्कार चार श्रेणियों में बांटकर दिये जा रहे हैं। झारखंड के डा. अभिलाष और डॉक्टर पूरबी साइकिया को कल यह पुरस्कार दिया जायेगा। डॉक्टर अभिलाष जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर–एनएमएल के वैज्ञानिक हैं और डाक्टर पूरबी साइकिया सेंट्रेल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में कार्यरत हैं।

****

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कल देशभर में मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए

अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि परावर्तन, आत्मनिरीक्षण और भविष्य के रेखांकन का भी दिन है।

*******समाप्त*******